IS15700:2018

सेवोत्तम प्रमाणित

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लखनऊ–05,

आफिस काम्पलेक्स, चतुर्थ तल, वृन्दावन योजना लखनऊ।
E-mail ID: eecd31.2013@gmail.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

पत्रांक – 1007 / पी– 41 / 65 दिनांक 17/09/2024

नीलामी सूचना

परिषद की वृन्दावन योजना, लखनऊ के सेक्टर–13 में स्थित व्यवसायिक भूखण्ड पर स्थित विभिन्न प्रकार के छोटे–बड़े 03 नग वृक्षों के पातन एवं विक्रय हेतु नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्म से सील्ड बिड निम्नलिखित विवरण के अनुसार दिनांक–26.09.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक खण्ड कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन उपस्थित प्रतिनिधियों/फर्म के समक्ष अपरान्ह 3.30 बजे खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी। नीलामी का विवरण निम्नवत है :–

ग्रुप सं0	कार्य का विवरण	वृक्षों का विवरण व संख्या	न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	7
1	वृन्दावन योजना, लखनऊ के सेक्टर–13 में स्थित व्यवसायिक भूखण्ड पर स्थित विभिन्न प्रकार के छोटे–बड़े 03 नग वृक्षों के पातन एवं विक्रय हेतु नीलामी	पीपल – 01 नग पाकड़ – 01 नग देशी बबूल – 01 नग कुल – 03 नग	6455.00	650.00	20 दिन

नीलामी हेतु ऑफर की शर्ते एवं विवरण :–

1– नीलामी से सम्बन्धित धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से निम्न विवरण के अनुसार नीलामी की तिथि से एक दिन पूर्व सम्बन्धित खण्ड कार्यालय के खाते में हस्तान्तरण किया जाना आवश्यक होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी बिड पर विचार नहीं किया जायेगा। वांछित धनराशि खाते में जमा होने की पुष्टि के उपरान्त ही बिड पर विचार किया जायेगा। खाते का विवरण निम्नवत है :–

Name of A/C Holder	Executive Engineer, Construction Division Lucknow-05, U.P. Avas Evam Vikas Parishad, Office Complex, Sector-9, Vrindavan Yojna, Lucknow.
A/C No.	595702010002965
IFSC Code No.	UBIN0559571
Name of Bank-	Union Bank Of India, Ashiyana Branch, Lucknow.

ब–धरोहर धनराशि के मूल्य से सम्बन्धित आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 का यू0टी0आर0 के नम्बर की छायाप्रति नीलामी के समय प्रपत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

स– नीलामी के सम्बन्ध में यदि कोई संशोधन होता है तो उसकी सूचना परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाएगी।

सामान्य शर्ते :–

1–नीलामी में भाग लेने हेतु सील्ड बिड के साथ जमा की गयी धरोहर धनराशि के यू0टी0आर0 के नम्बर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

2–नीलामी हेतु न्यूनतम आरक्षित मूल्य से अधिक की ही बिड/आफर मान्य होगी।

3–दरों की वैद्यता हेतु बिड के साथ रू0 100.00 के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर (जिस पर रू0 1.00 का हस्ताक्षरित रसीदी टिकट लगा हो) दिया जाना अनिवार्य है।

4–नीलामी के सन्दर्भ में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम होगा।

5–उक्त वृक्षों की नीलामी "जहाँ है जैसे है" के आधार पर की जा रही है। ऑफरदाता दरें देने से पूर्व स्थल पर वृक्षो का निरीक्षण किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कर सकते हैं।

क्रमशः–2

6–विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का टैक्स ऑफरदाता को वहन करना होगा।

7–बोली में सफल उच्चतम ऑफरदाता/बोलीदाता को ऑफर में दी गयी समस्त धनराशि नीलामी की तिथि से पाँच दिनों के अन्दर जमा करनी होगी, धनराशि जमा का साक्ष्य उपलब्ध कराने पर ही स्वीकृति आदेश निर्गत किया जायेगा, धनराशि समयान्तर्गत जमा न करने की स्थिति में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

8–सफल बोलीदाता को आदेश निर्गत तिथि से 20 दिनों के अन्दर सुरक्षित रूप से पेड़ों को स्थल से हटाना होगा, अन्यथा रू0 100.00 प्रतिदिन की दर से अर्थदण्ड रोपित किया जायेगा।

9–नीलामी क्रेता को नीलामी शुदा वृक्षों के प्रकाष्ट का अभिवहन यदि जनपद सीमा से बाहर किया जाता है तो प्रकाष्ट का अभिवहन शुल्क वन विभाग, में जमा करने के पश्चात, अभिवहन पास प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

10–उक्त वृक्षों को हटाते समय यदि किसी प्रकार की क्षति होती है तो, इसके लिए सफल बोलीदाता स्वयं जिम्मेदार होगें, इस सम्बन्ध में बोलीदाता का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

Ravinath

(रविन्द्र नाथ)
o/c अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 1007 / 3a11 / 65 दिनांक– J.E 17/09/2024

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अधीक्षण अभियन्ता, वृन्दावन वृत्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, वृन्दावन योजना, लखनऊ।

2– इंचार्ज,कम्प्यूटर सेल, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ को निविदा सूचना परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

3– अवर अभियन्ता(तक0)/सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड लखनऊ–05, लखनऊ।

4– नोटिस बोर्ड।

Ravinath

o/c अधिशासी अभियन्ता
J.E.